♦आश्विन शुक्ल पक्ष 07 विक्रम संवत 2079 ♦ रांची, रविवार 02 अक्टूबर 2022 ♦ वर्ष-23 अंक-239 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com

सप्तमी : कालरात्रि

नवरात्रि की सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। यह देवी कालरात्रि ही महामाया हैं और भगवान विष्णु की योगनिद्रा हैं। देवी की चार भुजाएं हैं- दायीं ओर की ऊपरी भुजा से महामाया भक्तों को वरदान दे रही हैं और नीचे की भुजा से अभय का आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं।

श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥

मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है। इनका वर्ण अंधकार की भांति काला है, केश बिखरे हुए हैं, कंठ में विद्युत की चमकवाली माला है। मां कालरात्रि के तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह विशाल व गोल हैं, जिनमें से बिजली की भांति किरणें निकलती रहती हैं। इनकी नासिका से श्वास तथा निःश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां का यह भय उत्पन्न करनेवाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करनेवाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करनेवाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है। इनकी उपासना से होनेवाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती।

शक्ति की आराधना.... दुर्गा पूजा पंडालों के खुले पट, मां का हुआ दीदार

रांची। राजधानी सहित देशभर में दुर्गोत्सव की धूम है। राजधानी रांची दुर्गोत्सव के रंग में रंग चुकी है। शनिवार को बेलवरण अनुष्ठान के बाद शहर के अधिकतर दुर्गापूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। जिसके बाद भक्तों की भीड़ पंडालों और मां शक्ति के दर्शन के लिए निकली। भक्तों ने मां का दर्शन कर आर्शीवाद लिया। मां के भक्तों में इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग सपरिवार पूजा पंडालों का भ्रमण करने निकल रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को दीपाटोली रांची स्थित श्रीश्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा पंडाल एवं लालपुर स्थित हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत अनावरण किया तथा मां दुर्गा के दरबार में मत्था टेका। मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वर्षों से चली आ रही परंपरा कभी टूटे नहीं। परंपराएं अनवरत चलती रहे। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने माता रानी से समस्त झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति तथा खुशहाली की कामना की।

देश में 5जी सेवा की शुरुआत

पीएम ने किया शुभारंभ, बोले - सुविधा मिलती है तो सोच बदलने में देर नहीं लगती

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नये तकनीकी युग की शुरुआत करते हुए देश में 5जी सेवाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्चिंग प्रोग्राम में डिजिटल इंडिया की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आम लोगों को सुविधाएं मिलती हैं तो उनकी सोच बदलने में देर नहीं लगती है। पीएम ने कहा कि आज यूपीआई पेमेंट का इस्तेमाल रेहड़ी-पटरी वाले भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक वक्त था, जब डिजिटलाइजेशन के प्रयासों को लेकर सरकार का मजाक उड़ाया जाता था। उन्होंने देश के एलीट क्लास की यह कहकर क्लास लगायी कि उन्हें कभी निचले तबके और गरीबों पर यकीन ही नहीं होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2जी और 5जी की नीयत में अंतर है जो आज हर किसी को दिख रही है। प्रधानमंत्री ने भारतीय मोबाइल सम्मेलन (आईएमसी)

के छठे संस्करण के उद्घाटन के साथ ही देश में 5जी सेवाओं का भी शुभारंभ किया। आईएमसी 2022 का आयोजन 01 से 04 अक्टूबर तक न्यू डिजिटल यूनिवर्स विषय के साथ किया जा रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज देश की ओर से, देश की टेलीकॉम इंडस्ट्री की ओर से, 130 करोड़ भारतवासियों को 5जी के तौर पर एक शानदार उपहार मिल रहा है। 5जी देश के द्वार पर नये दौर की दस्तक है। 5जी अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत है। मैं प्रत्येक भारतवासी को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

5जी के साथ भारत ने रचा नया इतिहास

उन्होंने कहा कि 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नॉलजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा। लेकिन 5जी के साथ भारत ने नया इतिहास रच दिया है। 5जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नॉलजी में ग्लोबल स्टेफोर्ड तय कर रहा है। डिजिटल इंडिया की बात करते हैं तो कुछ लोग समझते हैं यह सिर्फ एक सरकारी योजना है, लेकिन डिजिटल इंडिया सिर्फ एक नाम नहीं है, यह देश के विकास का बहुत बड़ा वीजन है। इस वीड़न का लक्ष्य है उस टेक्नॉलजी को आम लोगों तक पहुंचाना जो लोगों के लिए काम करे, लोगों के साथ जुड़कर काम करे।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में सेकेंड टॉपर बना झारखंड

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य ने लगातार विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व को भारत सरकार की ओर से एक बड़े सम्मान से नवाजा गया है। नयी दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड को 100 शहरी निकायों वाले राज्यों में देश के सेकेंड टॉपर राज्य का सम्मान प्रदान किया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने इस सम्मान को प्राप्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी एवं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य विभाग के सचिव मनोज जोशी ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- ▸▸शहरी स्वच्छता में झारखंड ने फिर लहराया परचम, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने किया सम्मानित
- ▸▸अन्य श्रेणियों में झारखंड के बुंडू और चाईबासा को भी किया गया सम्मानित

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, संवेदनशील जिलों में विशेष चौकसी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर माहौल को खराब करने की कोशिश की जा रही है। पिछले एक सप्ताह में रांची, धनबाद और हजारीबाग जैसे शहरों में धर्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा कर शहर के अमन-चैन में खलल डालने की कोशिश की गयी थी। लगातार आ रहे मामलों को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने इलाकों के संवेदनशील धार्मिक स्थलों की

सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

असामाजिक तत्वों पर रखें नजर : झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी अभियान अमोल वेणुकान्त होमकर ने बताया कि यह सही है कि हाल के दिनों में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा कर माहौल को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया है, हालांकि पुलिस इन मामलों को लेकर सतर्क थी, इसलिए समय रहते मामले को शांत करवा लिया गया।

- ▸▸सभी जिलों के एसपी को संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का निर्देश

आईजी होमकर के अनुसार, आगामी समय मे कई महत्वपूर्ण पर्व-त्योहार आनेवाले हैं। ऐसे में असामाजिक तत्वों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए हर तरह की कोशिश की जा रही है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

केएन त्रिपाठी का नामांकन कैंसिल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के आखिरी दिन दो उम्मीदवार मलिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं और अब चुनाव में ये दोनों उम्मीदवार रह गये है। कांग्रेस चुनाव विभाग के प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। जांच के दौरान झारखंड के केएन त्रिपाठी का फार्म प्रस्तावकों के हस्ताक्षर नहीं मिलने तथा अन्य कारणों से निरस्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग को कुल 20 फॉर्म प्राप्त हुए हैं जिनमें से हस्ताक्षर के मिलान नहीं होने तथा हस्ताक्षर रिपीट होने जैसे अन्य कुछ कारणों से चार फॉर्म खारिज किये गये हैं।

राजधानी रांची की हृदय स्थली की बदलेगी सूरत

अल्बर्ट एक्का चौक से जेल चौक तक बनेगा फोरलेन, नगर विकास सचिव ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य सरकार राजधानी रांची के मध्य क्षेत्र में रहनेवाले लोगों के साथ अब उन तमाम लोगों को एक बड़ी राहत देने की योजना बना रही है, जो अक्सर अपने दैनिक और पेशागत कार्य के लिए अल्बर्ट एक्का चौक, कचहरी चौक, जेल चौक और राजभवन की ओर प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। इस इलाके में यातायात सामान्य हो और इलाका सुंदर बनाया जा सके, इसे लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से झारखंड अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी ने योजना बनानी शुरू कर दी है। इन योजनाओं को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग-सह-मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक होते हुए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- ▸▸कचहरी, अल्बर्ट एक्का और जेल चौक क्षेत्र का होगा कायाकल्प
- ▸▸एकीकृत योजना के तहत मार्गों का होगा चौड़ीकरण, रेंगती यातायात से लोगों को मिलेगी निजात

सचिव ने दिये महत्वपूर्ण निर्देश : -

- ▸▸अल्बर्ट एक्का चौक से लाइन टैंक तालाब मार्ग फोरलेन होगा।
- ▸▸लाइन टैंक तालाब के पीछे से पुरानी नगर निगम बिल्डिंग तक पहुंचनेवाला मार्ग भी चौड़ा होगा।
- ▸▸कमिश्नर ऑफिस से निबंधन कार्यालय होते डॉक्टर जाकिर हुसैन पार्क तक जानेवाला मार्ग फोरलेन होगा।
- ▸▸कचहरी के पास नेताजी सुभाष पार्क का कायाकल्प होगा और पूरा इलाका ग्रीन पार्क के रूप में विकसित होगा।
- ▸▸जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय बिल्डिंग में बनेगी मल्टी लेवल पार्किंग।